रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

**043**

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4
No. of printed pages : 4

**243 (HXT)**

**2018**

# बहीखाता एवं लेखाशास्त्र के तत्व
# ELEMENTS OF BOOK-KEEPING AND ACCOUNTANCY

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 hours ]

[ पूर्णांक : 100
[ Max. Marks : 100

**निर्देश** : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उसके लिए निर्धारित अंक अंकित हैं।
**Instruction :** Attempt all questions. Marks allotted to each question are mentioned against them.

1. घनश्याम दास एण्ड सन्स की पुस्तकों के आधार पर निम्नांकित तलपट 31 दिसम्बर, 2012 को तैयार किया गया है – 20

| डेबिट शेष | ₹ | क्रेडिट शेष | ₹ |
|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक रहतिया | 40,000 | विक्रय | 4,52,500 |
| क्रय | 3,91,000 | क्रय–वापसी | 1,000 |
| आगत वाहन व्यय | 2,000 | विविध लेनदार | 27,000 |
| विक्रय वापसी | 2,500 | प्राप्त छूट | 2,200 |
| विविध देनदार | 55,000 | पूँजी | 1,20,000 |
| वेतन | 30,000 | बैंक ऋण | 20,000 |
| निर्गत वाहन व्यय | 4,000 | (12% वार्षिक ब्याज) | |
| छपाई एवं लेखन सामग्री | 2,500 | अप्राप्त एवं संदिग्ध | 1,800 |
| बैंक में रोकड़ | 10,000 | ऋण संचय | |
| दी गई छूट | 2,000 | | |
| फर्नीचर | 15,000 | | |
| सामान्य व्यय | 5,000 | | |
| आहरण | 10,000 | | |
| नकद रोकड़ | 1,200 | | |
| मशीन | 50,000 | | |
| अप्राप्त ऋण | 1,600 | | |
| बैंक ऋण पर ब्याज | 1,200 | | |
| बीमा व्यय | 1,500 | | |
| | **6,24,500** | | **6,24,500** |

निम्नांकित समायोजनाओं को ध्यान में रखते हुए 31 दिसम्बर, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये व्यापार तथा लाभ–हानि खाता एवं आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिये –

(क) अन्तिम रहतिये का मूल्य ₹ 55,000 किया गया।



Downloaded from cclchapter.com

(ख) मशीन पर 10% तथा फर्नीचर पर 20% ह्रास लगाइये।

(ग) देनदारों पर अप्राप्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिये 5% प्रावधान बनाइये।

(घ) अदत्त वेतन की राशि ₹ 2,000 थी।

(ङ) बैंक ऋण पर छः माह का ब्याज अदत्त था।

The undermentioned Trial Balance has been prepared from the books of Ghanshyam Dass & Sons on 31st December, 2012 -

| **Debit Balances** | **₹** | **Credit Balances** | **₹** |
|---|---|---|---|
| Opening Stock | 40,000 | Sales | 4,52,500 |
| Purchases | 3,91,000 | Purchases Returns | 1,000 |
| Carriage Inwards | 2,000 | Sundry Creditors | 27,000 |
| Sales Returns | 2,500 | Discount Received | 2,200 |
| Sundry Debtors | 55,000 | Capital | 1,20,000 |
| Salary | 30,000 | Bank Loan | 20,000 |
| Carriage outwards | 4,000 | (Interest 12% annual) | |
| Printing & Stationary | 2,500 | Provision for bad | 1,800 |
| Cash at Bank | 10,000 | and doubtful Debts | |
| Discount Allowed | 2,000 | | |
| Furniture | 15,000 | | |
| General Expenses | 5,000 | | |
| Drawings | 10,000 | | |
| Cash in Hand | 1,200 | | |
| Machinery | 50,000 | | |
| Bad Debts | 1,600 | | |
| Interest on Bank Loan | 1,200 | | |
| Insurance charges | 1,500 | | |
| | **6,24,500** | | **6,24,500** |

Keeping in mind the undermentioned adjustments, prepare trading and Profit & Loss Account and Balance Sheet for the year ending 31st December, 2012 -

(a) The valuation of closing stock was ₹ 55,000.

(b) Depreciate Machinery by 10% and Furniture by 20%.

(c) Make a provision of 5% for Bad and Doubtful Debts on Sundry Debtors.

(d) The amount of outstanding salary was ₹ 2,000.

(e) Interest on Bank Loan was outstanding for six months.

2. (क) बैंक समाधान विवरण क्या है ? यह क्यों बनाया जाता है ? 2½

What is Bank Reconciliation Statement ? Why it is prepared ?

(ख) चैक की परिभाषा दीजिये। रोकड़ पुस्तक की बाकी और पास बुक की बाकी में अन्तर के लिये चैक का प्रयोग किस सीमा तक जिम्मेदार है ? 2½

Define Cheque. To what extent the use of cheque is responsible for having a difference between the balances of Cash Book and Pass Book ?

(ग) एक व्यापारी की रोकड़ पुस्तक के अनुसार 31 दिसम्बर 2013 को ₹ 5200 की डेबिट बैंक बाकी थी। पास बुक से मिलान करने पर ज्ञात हुआ कि ₹ 980 के जो चैक बैंक में वसूल करने के लिये भेजे गये थे, अभी तक बैंक द्वारा वसूल नहीं किये गये। 28 दिसम्बर को व्यापारी ने ₹ 1600 के चैक निर्गत किये थे, परन्तु



Downloaded from cclchapter.com

इनका भुगतान अभी तक बैंक से नहीं लिया गया। 31 दिसम्बर को ₹ 60 ग्राहक के खाते में ब्याज के क्रेडिट किये गये हैं परन्तु इसका लेखा रोकड़ पुस्तक में नहीं किया गया है। बैंक ने ₹ 10 बैंक व्यय के लगाये हैं, इसका लेखा भी रोकड़ पुस्तक में नहीं किया गया है। बैंक समाधान विवरण बनाकर पास बुक की बाकी ज्ञात कीजिये। 5

According to the Cash Book of a businessman on 31st December, 2013, there was a debit balance of ₹ 5200 in the Cash Book. After comparing with the Pass Book, it appeared that the cheques amounting to ₹ 980, which were sent to the Bank for collection, had not been collected by the Bank as yet. On 28th December, the businessman had issued cheques for ₹ 1,600; but the payment of these cheques had not been taken from the bank up till now. On 31st December, ₹ 60 have been credited as interest in the account of customer but this has not been entered in Cash Book. Bank has charged ₹ 10 as Bank Charges, this too has not been entered in Cash Book. After preparing Bank Reconciliation Satement, findout the balance of Pass Book.

(घ) बैंक खाने वाली रोकड़ पुस्तक क्या होती है ? इसका महत्त्व समझाइये। पाँच काल्पनिक लेखों की सहायता से एक बैंक खाने वाली रोकड़ पुस्तक तैयार कीजिये। 10

What is Bank Column Cash Book ? Explain its importance. With the help of five imaginary entries prepare a Bank column Cash-Book.

3. (क) निम्न के उत्तर दीजिए– $2 \times 5 = 10$

(i) विनिमय पत्र क्या है ? विनिमय पत्र तथा प्रतिज्ञा पत्र में क्या अन्तर है ?

(ii) निकराई व्यय क्या होते हैं ? निकराई व्ययों का भुगतान कौन करता है ?

(iii) विनिमय पत्र के नवीनीकरण से आप क्या समझते हैं ? एक विनिमय पत्र के नवीनीकरण की क्या प्रक्रिया होती है ?

(iv) अनुग्रह दिवस क्या होते हैं ? आप एक विनिमय पत्र की देय तिथि कैसे ज्ञात करेंगे ?

(v) अनुग्रह विनिमय पत्र क्या होता है ? एक अनुग्रह विनिमय पत्र की आवश्यकता कब पड़ती है ?

Write the answer of following —

(i) What is a Bill of Exchange ? What is the difference between a Bill of Exchange and Promissory Note ?

(ii) What are Noting Charges ? Who makes the payment of Noting charges ?

(iii) What do you understand by the renewal of a Bill of Exchange ? What is the procedure of the renewal of a Bill of Exchange ?

(iv) What are days of grace ? How shall you find out the due date of a Bill of Exchange ?

(v) What is a Bill of Accommodation ? When does the need of an accommodation bill arise ?

(ख) 1 जनवरी, 2009 को भगत सिंह ने भगवान सिंह को ₹ 1,000 का माल बेचा। उसी दिन उसने भगवान सिंह पर तीन माह की अवधि का एक बिल लिखा। भगवान सिंह ने बिल को स्वीकार कर लिया। 4 जनवरी, 2009 को भगत सिंह ने 6% वार्षिक ब्याज की दर से बिल को बैंक से भुना लिया। देय तिथि को बिल का अनादरण हो गया। बैंक ने ₹ 15 निकराई व्यय के दिये। इसी तिथि को भगवान सिंह ₹ 10 ब्याज सहित दो माह के लिये नया बिल स्वीकार करता है। भुगतान की तिथि पर भगवान सिंह बिल का भुगतान कर देता है। भगत सिंह और भगवान सिंह की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल लेखे कीजिये। 10

On 1st January, 2009 Bhagat singh sells goods amounting to ₹ 1,000 to Bhagwan Singh. On the same day he draws a Bill on Bhagwan Singh for three months. Bhagwan Singh accepted the Bill. On 4th January, 2009 Bhagat Singh discounted the Bill from his Bank at the rate of 6% per annum. On due date the Bill is dishonoured. Bank paid ₹ 15 as noting charges. On this same date Bhagwan Singh accepts a new bill with ₹ 10 as interest for two months. On due date Bhagwan Singh makes the payment of the Bill. Make necessary journal entries in the books of Bhagat Singh and Bhagwan Singh.



Downloaded from cclchapter.com

4. (क) अशुद्धियों के संशोधन से आप क्या समझते हैं ? एक पक्षीय और द्विपक्षीय अशुद्धियों का संशोधन आप किस प्रकार करेंगे ? 5

What do you understand by rectification of errors ? How will you rectify the one sided and double sided errors ?

(ख) अन्तिम खाते बनाने से पूर्व अशुद्धियों के संशोधन की क्यों आवश्यकता पड़ती है ? अगर आप अशुद्धियों का संशोधन नहीं करेंगे तो इसका अन्तिम खातों पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? 5

Why does the need of rectification of errors arise before preparing the final accounts ? If you do not rectify the errors, what will be its affect on final accounts ?

(ग) निम्नांकित अशुद्धियों को ठीक करने के लिये आवश्यक जर्नल लेखे दीजिये-- 10

(i) फैक्टरी इमारत में ₹ 65,000 से वृद्धि की गई। इस रकम को मरम्मत खाते में डेबिट कर दिया गया।

(ii) भगत सिंह से ₹ 3,500 का प्राप्त भुगतान भगवान सिंह के खाते में क्रैडिट कर दिया गया।

(iii) ₹ 500 की एक रकम विक्रय वापसी की थी। परन्तु इसका कोई भी लेखा पुस्तकों में नहीं किया गया।

(iv) मोहनलाल को ₹ 1500 वेतन का नकद भुगतान किया जो उसके व्यक्तिगत खाते में डेबिट कर दिया गया।

(v) एक प्राप्य बिल का ₹ 5,000 किसी ग्राहक से मिला। इस रकम को उसके व्यक्तिगत खाते में क्रेडिट कर दिया गया।

Give necessary journal entries to rectify the undermentioned errors –

(i) Factory Building was expanded by ₹ 65,000. This amount was debited in Repairs Account.

(ii) The payment of ₹ 3500 received from Bhagat Singh was credited in the account of Bhagwan Singh.

(iii) There was an amount of ₹ 500 as Sales Returns. But it was not entered in the books at all.

(iv) ₹ 1500 was paid in cash as salary to Mohanlal which was debited in his personal account.

(v) ₹ 5,000 was received as the payment of a Bill receivable from a customer. This amount was credited in his personal account.

5. (क) ह्रास क्या है ? ह्रास के प्रमुख कारण कौन–कौन से हैं ? क्या पुस्तकों में ह्रास की व्यवस्था करना आवश्यक है ? 5

What is depreciation ? What are the main causes of depreciation ? Whether it is essential to make provision for depreciation in the books ?

(ख) स्थायी किस्त पद्धति को स्पष्ट रूप से समझाइये तथा इसके गुण–दोषो की विवेचना कीजिये। 5

Explain cleary the Fixed Instalment method and narrate its merits and demerits.

(ग) एक मशीन 1 जनवरी, 2011 को ₹ 45,000 में क्रय की गई। इस पर ₹ 2,000 ढुलाई के तथा ₹ 3,000 स्थापना सम्बन्धी व्यय किये गये। मशीन के मूल्य पर 10% वार्षिक ह्रास काटने की व्यवस्था की गई। स्थायी किस्त पद्धति और क्रमागत ह्रास पद्धति के अनुसार 3 वर्ष के लिये मशीन खाता बनाइये। 10

A machinery was purchased on 1st January, 2011 for ₹ 45,000. An amount of ₹ 2,000 as carriage charges and ₹ 3,000 as establishment charges were paid. It was decided to make a provision of 10% depreciation annually on the value of machinery. Prepare Machinery Account for three years according to Fixed Instalment method and Diminishing Balance Method.

*********



Downloaded from cclchapter.com